# श्री राम संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने संस्कृत स्पर्धा में प्राप्त किया अव्वल स्थान

श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) जानकीकुंड के अंतर्गत संचालित श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा भोपाल आयोजित राष्ट्रीय संस्कृत स्पर्धा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर के अव्वल स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय का नाम रोशन किया |

यह प्रतियोगिता दिनांक 16 एवं 17 नवंबर को भोपाल में आयोजित की गई थी जिसमें मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के समस्त संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालयों के लगभग 400 छात्रों ने प्रतिभागिता की थी | जिसमें श्री राम संस्कृत महाविद्यालय, चित्रकूट के 6 छात्रों ने अपना हुनर दिखाया एवं उसमें 4 छात्र विभिन्न स्पर्धाओं में अपना स्थान प्राप्त कर सके | विजयी छात्रों को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के निदेशक एवं आयोजक टीम द्वारा भोपाल में पुरस्कृत किया गया है | पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में मनीष पांडेय ने अक्षर श्लोकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्र नित्यानंद पांडेय ने श्रीमद भगवद् गीता कंठ-पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, छात्र सूरज त्रिपाठी ने काव्य कंठपाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं छात्र अनुज मिश्रा ने धातु रूप कंठ पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया | उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी एवं शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है |

श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.बी.के. जैन ने छात्रों की इस उपलब्धि के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें एवं उनके गुरुजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की | वहीं सदगुरु शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती उषा बी. जैन ने कहा कि, यह बहुत बड़ा गौरव का क्षण है की चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं | उल्लेखनीय है कि श्री राम संस्कृत महाविद्यालय चित्रकूट अंचल का सबसे प्राचीन विद्यालय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1953 में परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी महाराज ने अपने कर कमलों से की थी | आज तक इस विद्यालय के माध्यम से हजारों छात्र संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करके आचार्य, शास्त्री एवं विविध विषयों के विद्वान बन चुके हैं |